# ग्राम पंचायत भलवानी, विकास खण्ड भोरंज, जिला हमीरपुर के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024

## भाग-1

1 **प्रस्तावना:-**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत भलवानी, विकास खण्ड भोरंज, जिला हमीरपुर के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया|

**(क) अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत भलवानी में निम्नलिखित प्रधान व सचिव कार्यरत रहे :**

**प्रधान :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री अमन दीप | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**पंचायत सचिव:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री हेम राज | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री पवन कुमार | 01.04.2022 से 28.02.2023 |
| 2. | श्री मान सिंह | 01.03.2023 से 30.06.2023 |
| 3. | श्री परशोतम राम | 01.07.2023 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सेवक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| **1.** | श्रीमति पूनम कुमारी | 01.04.2022 से 31.03.2023 |
| **2.** | श्रीमति अनीता कुमारी | 01.04.2023 से 31.03.2024 |

**(ख़) गम्भीर अनियमितताओं का सार:-**

ग्राम पंचायत भलवानी, विकास खण्ड भोरंज, जिला हमीरपुर के अवधि 01.04.22 से 31.03.24 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है :-

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4.4 | रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंत शेष में अंतर पाया जाना | 0.07 |
| 2 | 6.1 | अनुदानों का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 16.97 |
| 3 | 7.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.09 |
| 4 | 8.1 | ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से रॉयल्टी न वसूलने के कारण सरकार को राजस्व की सम्भावित वित्तीय हानि एवं नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में लाखों रूपये के अनियमित भुगतान करना | 0.78 |
| 5 | 8.2 | संविदाकार /आपूर्तिकर्ता के भुगतान बिलों से नियमानुसार स्त्रोत पर 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने के कारण अधिक भुगतान करना | 0.17 |
| 6 | 9.1 | मनरेगा शीर्ष से अधिक व गलत भुगतान करना | 0.09 |
| 7 | 9.2 | पत्थर की खरीद में रिक्तियां (voids) की कटौती न करने के कारण अधिक एवं गलत भुगतान करने वारे | 0.12 |
| 8 | 9.3 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना | 3.11 |
| 9 | 9.4 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना निर्माण सामग्री का क्रय करना | 1.50 |

**(ग) गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनः-**

ग्राम पंचायत भलवानी, विकास खण्ड भोरंज, जिला हमीरपुर का गत अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा अवधि 01.04.15 से 31.03.18 तक के लिए किया गया था, जिसके अनिर्णीत पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न विवरणानुसार है :-

**(i) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2015 से 03/2018 तक**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | निर्णीत। | माह जनवरी 2024 में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आयोजित विशेष पैरा समायोजन अभियान के दौरान |
| 2 | 4 | निर्णीत। | माह जनवरी 2024 में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आयोजित विशेष पैरा समायोजन अभियान के दौरान |
| 3 | 5.1 | निर्णीत। | माह जनवरी 2024 में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आयोजित विशेष पैरा समायोजन अभियान के दौरान |
| 4 | 5.2 | अनिर्णीत। | |
| 5 | 5.3 | अनिर्णीत। | |
| 6 | 6 | निर्णीत। | माह जनवरी 2024 में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आयोजित विशेष पैरा समायोजन अभियान के दौरान |
| 7 | 7 | निर्णीत। | माह जनवरी 2024 में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आयोजित विशेष पैरा समायोजन अभियान के दौरान |
| 8 | 8 | अनिर्णीत। | |
| 9 | 8 (1) | निर्णीत। | माह जनवरी 2024 में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आयोजित विशेष पैरा समायोजन अभियान के दौरान |
| 10 | 8 (2) | निर्णीत। | माह जनवरी 2024 में जिला पंचायत अधिकारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | कार्यालय हमीरपुर में आयोजित विशेष पैरा समायोजन अभियान के दौरान |
| 11 | 9 | अनिर्णीत। | |
| 12 | 10 | अनिर्णीत। | |
| 13 | 11 | अनिर्णीत। | |
| 14 | 11 (1) | निर्णीत। | माह जनवरी 2024 में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आयोजित विशेष पैरा समायोजन अभियान के दौरान |
| 15 | 11 (2) | निर्णीत। | माह जनवरी 2024 में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आयोजित विशेष पैरा समायोजन अभियान के दौरान |
| 16 | 12 | अनिर्णीत। | |
| 17 | 13 | निर्णीत। | माह जनवरी 2024 में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आयोजित विशेष पैरा समायोजन अभियान के दौरान |
| 18 | 14 | अनिर्णीत। | |
| 19 | 15 | अनिर्णीत। | |
| 20 | 16 | अनिर्णीत। | |
| 21 | 17 | निर्णीत। | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 6.3 में पुन: प्रारूपित। |
| 22 | 18 | अनिर्णीत। | |
| 23 | 18 (i) | अनिर्णीत। | |
| 24 | 19 | अनिर्णीत। | |
| 25 | 20 | अनिर्णीत। | |
| 26 | 21 | निर्णीत। | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 10 में पुन: प्रारूपित। |
| 27 | 22 | अनिर्णीत। | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 11 में पुन: प्रारूपित। |

अतः शेष अनिर्णीत पैरों के समायोजन हेतु प्राथमिकता के आधार पर विशेष कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये।

## भाग-2

**2. वर्तमान अंकेक्षण :-**

ग्राम पंचायत भलवानी, विकास खण्ड भोरंज, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री अमित कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 26.07.2024 से 06.08.2024 तक ग्राम पंचायत भलवानी के कार्यालय में किया गया। आय-व्यय की विस्तृत जांच हेतू मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व: स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया :-

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022-23 | 01/2023 | 05/2022 |
| 2023-24 | 08/2023 | 02/2024 |

***अस्वीकरण (Disclaimer) :-** इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना / अभिलेख के अपूर्ण / गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतू हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।*

**3. अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत भलवानी, विकास खण्ड भोरंज, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/- आंका गया। अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट / मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित करने हेतू अंकेक्षण अधियाचना संख्या 246/2024 दिनांक 03/08/2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायत भलवानी द्वारा काँगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक जाहू, हमीरपुर, DDO NO - KAA 265526 दिनांक 08.08.2024 द्वारा उक्त राशि को निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित कर दिया गया।

**4. वित्तीय स्थिति:-**

सचिव, ग्राम पंचायत भलवानी, द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 234/2024 दिनांक 26.07.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार पंचायत के अवधि 01/04/22 से

31/03/24 के लेखों की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण **सलंग्न परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है| ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान आठ (8) रोकड़ बहियों अर्थात् स्व: स्त्रोत (Offline), अनुदान(प्लानिंग) (Offline), स्वच्छ भारत मिशन (PFMS) (Online), प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (offline), एकीकृत जलग्रहण प्रबन्धन कार्यक्रम (IWMP)(offline), 14वें वित्तायोग (Online), 15वें वित्तायोग (Online) व् मनरेगा (online) शी का रख-रखाव किया गया था।

**(1)(क) स्व: स्त्रोत:-**

ग्राम पंचायत भलवानी, विकास खण्ड भोरंज, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक की स्वयं स्त्रोत की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **आय ब्याज सहित (₹)** | **कुल योग (2+3) (₹)** | **व्यय(₹)** | **अंतिम शेष (4-5) (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 991652.15 | 99555.00 | 1091207.15 | 562200.00 | 529007.15 |
| 2023-24 | 529007.15 | 513683.55 | 1042690.70 | 345951.00 | **696739.70** |

**(ख) अनुदान :-**

ग्राम पंचायत भलवानी, विकास खण्ड भोरंज, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के अनुदान की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **आय ब्याज सहित (₹)** | **कुल योग (2+3) (₹)** | **व्यय (₹)** | **अंतिम शेष (4-5) (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 3236049.55 | 6195661.00 | 9431710.55 | 6493642.00 | 2938068.55 |
| 2023-24 | 2938068.55 | 6128659.00 | 9066727.55 | 7369589.55 | **1697138.00** |

**(ग) संकलित वित्तीय स्थिति :-**

ग्राम पंचायत भलवानी, विकास खण्ड भोरंज, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखों की संकलित वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **आय ब्याज सहित (₹)** | **कुल योग (2+3) (₹)** | **व्यय (₹)** | **अंतिम शेष (4-5) (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 4227701.70 | 6295216.00 | 10522917.70 | 7055842.00 | 3467075.70 |
| 2023-24 | 3467075.70 | 6642342.55 | 10109418.25 | 7715540.55 | **2393877.70** |

(2) दिनांक 31.03.24 को ग्राम पंचायत भलवानी, विकास खण्ड भोरंज, जिला हमीरपुर के बैंक शेष व हस्तगत राशि के अंतशेष का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रम संख्या | शीर्ष का नाम | खाता संख्या | खाता नंबर | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वयं स्त्रोत | KCC BANK JAHU | 20025061262 | 654969.70 |
| 2 | स्वयं स्त्रोत (OMIF) FOREST | KCC BANK JAHU | 50074248682 | 40973.00 |
| 3 | अनुदान (प्लानिंग) | KCC BANK JAHU | 20025061830 | 499165.00 |
| 4 | अनुदान (प्लानिंग) | INDUSIND BANK HAMIRPUR | 100167376021 | 7921.00 |
| 5 | PMKSY (WDF) | ICICI JAHU | 447601000019 | 4521.00 |
| 6 | IWMP-2 (GRANTS) | KCC BHORANJ | 20025054992 | 17343.00 |
| 7 | IWMP-2 (PS) | KCC BHORANJ | 20025056161 | 74903.00 |
| 8 | 14वां वित्तायोग | PNB JAHU | 2222000109040340 | 0.00 |
| 9 | 15वां वित्तायोग | PNB JAHU | 2222000109162670 | 1086769.00 |
| | | **योग** | | **2386564.70** |
| | | | हस्तगत राशि (स्व: स्त्रोत) | 667.00 |
| | | | **योग (1+2)** | **2387231.70** |

(3) **बैंक एवं रोकड़ बही के अन्तशेषों में परस्पर अंतर :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1) | स्व: स्त्रोत –दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वितीय स्थिति अनुसार खाता "**क**" का अंतिम शेष | 696739.70 |
| 2) | अनुदान –दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वितीय स्थिति अनुसार खाता "**ख**" का अंतिम शेष | 1697138.00 |
| 3) | दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वितीय स्थिति अनुसार खता "**क**" **व** "**ख**" का कुल अंतिम शेष (1+2) | **2393877.70** |
| 4) | दिनांक 31.03.24 को पंचायत के **बैंक** खातों / पेरा 4(2) के अनुसार खाता "**क**" **व** "**ख**" का कुल अंतिम शेष | 2386564.70 |
| 5) | दिनांक 31.03.24 को हस्तगत राशि (स्व: स्त्रोत व अनुदान) | 667.00 |
| 6) | योग (4+5) | **2387231.70** |
| 7) | **अन्तर (3-6)** | **6646.00** |

ANNUAL REPORT

**(4) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंत शेष में ₹0.07 लाख का अंतर पाया जाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) व 10 (1) के अनुसार पंचायत की रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान करना अनिवार्य है |

ग्राम पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जिसके कारण दिनांक 31.03.24 को स्व: स्त्रोत व अनुदान(प्लानिंग) शीर्ष की रोकड बही एवं बैंक के अंतिम शेष में राशि ₹6646/- का अन्तर निम्न विवरणानुसार बैंक में कम जमा के रूप में पाया गया |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| **क्रम संख्या** | **रोकड़ बही का नाम** | **दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही का अन्तशेष (₹)** | **दिनांक 31.03.2024 को बैंक शेष का योग (₹)** | **अन्तर (4-3) (₹)** |
| 1 | Own Sources | 696739.70 | 696609.70 | 130.00 |
| 2 | GIA (Planning) | 513602.00 | 507086.00 | 6516.00 |
| **कुल अंतर** | | | | **6646.00** |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 243/2024 दिनांक 02/08/2024 के प्रत्युत्तर में उक्त अंतर की राशि बारे सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा पत्र संख्या 71 दिनांक 06/08/2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित रोकड़ बही का बैंक खातों से राशि **₹6646/-** अंतर का पता लगाकर अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवा दिया जाएगा" |

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वास्नानुसार अंतर के कारणों की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अन्तर की राशि को उचित स्रोत से वसूल कर सम्बन्धित बैंक खातों में जमा करवाते हुये कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**5. सावधिक निवेश :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा

पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष पंचायत निधि (स्वः-स्रोत) में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 234/2024 दिनाँक 26.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में प्रतिउत्तर पत्र संख्या 69 दिनांक 06/08/2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि पंचायत का अवधि 04/2022 से 03/2024 के दौरान सावधि जमा योजना में निवेश शून्य था|

अत: पंचायत सचिव को परामर्श दिया जाता है कि स्वयं स्त्रोत तथा अनुदान से सम्बन्धित बैंक खातों का नियमानुसार रख-रखाव करके, स्वयं स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्राम पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके तथा निवेश की स्थिति में हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम, 2002 के नियम 12 के प्रारूप (1) अनुसार निवेश रजिस्टर का रख रखाव किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये एवं कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

## 6. अनुदान

### 6.1 अनुदान राशि ₹16.97 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना :-

ANNUAL REPORT

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिंग एजेन्सी की अपेक्षाओं व मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 234/2024 दिनाँक 26.07.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **(परिशिष्ट"क")** पर सलंग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹1697138/-** की राशि उपयोग हेतू शेष थी, जिससे स्पष्ट है कि विभिन अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 234/2024 दिनाँक 26.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में

उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 69 दिनाँक 06.08.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः उक्त मामले में आवश्यक कार्रवाई अमल में लाकर शेष अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इसके व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी को स्वीकृति प्राप्त करके नियमानुसार उक्त शेष राशि को निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाये व तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6.2 अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 88 के अनुसार पंचायत को दिए गए अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा सकता है, जिसके लिए अनुदान मंजूर किए गए हैं एवं उस अधिकारी को जिसने अनुदान मंजूर किए हैं, को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है |

इस सन्दर्भ मे जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 234/2024 दिनाँक 26.07.2024 के प्रतिउत्तर की अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या 69 दिनाँक 06.08.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि विभिन्न अनुदानों के व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में जाँच हेतू प्रस्तुत कर दिए जाएंगे

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना से शीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6.3 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत को दिए गए अनुदानों के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध करवाना आवश्यक है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 234/2024 दिनाँक 26.07.2024 द्वारा मांगी गई सूचना के प्रतिउत्तर में पत्र संख्या 69 दिनाँक 06.08.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किए गए अनुदानों के आदेश / स्वीकृति पत्र पंचायत में प्राप्त नही हुए हैं तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरांत मौखिक रूप में अनुदानों के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है। यह एक अनुचित प्रक्रिया है, क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता |

अत: अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सका कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे।

अतः अंकेक्षणावधि में प्राप्त अनुदानों से सम्बन्धित आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करके अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## 7. पंचायत राजस्व

### 7.1 पंचायत का गृहकर/ सम्पत्ति कर वसूली हेतु शेष :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 के नियम 33 व 100 के अनुसार पंचायत को अपने सभा क्षेत्र में आवासीय व वाणिज्यक भवनों पर सम्पति कर लगाने का विशेष अधिकार है। इस अधिकार को ग्राम सभा में पारित करना भी जरुरी है ताकि यह सभी भवनों के स्वामियों द्वारा मान्य और अमल में लाया जा सके।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 234/2024 दिनाँक 26.07.2024 के क्रम संख्या 5 के प्रतिउत्तर में **सलंग्न (परिशिष्ट "ख")** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान गृहकर की देय राशि की पूरी वसूली कर ली गई थी।

अत: 31.03.2024 तक पंचायत राजस्व/ गृहकर की कोई भी देय राशि शेष नहीं थी, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **परिवार** | **गृहकर वार्षिक दर** | **मांग (₹)** | **योग (₹)** | **प्राप्ति (₹)** | **वसूली हेतू शेष राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 0 | 885 | 50 | 44250 | 44250 | 0 | 44250 |
| 2023-24 | 44250 | 894 | 50 | 44700 | 88950 | 88950 | **0** |

### 7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की प्राप्त राशि ₹0.09 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाना:-

हिमाचल प्रदेश सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता की अधिसूचना संख्या-SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को हि० प्र० विवाह पंजीकरण नियम, 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित लेखा शीर्ष 0070-60-108-01 में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

ANNUAL REPORT

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि **₹8600**/- को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया था जिसका विवरण सलंग्न (**परिशिष्ट "ग")** में दिया गया है।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 242/2024 दिनांक 02.08.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 71 दिनांक 06/08/2024 द्वारा स्पष्ट किया कि "अंकेक्षण अवधि दौरान प्राप्त विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि **₹8600**/- को राजकीय कोष के मद 0235-00-800-03 में जमा करवा दिया जाएगा व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवा दिया जाएगा"।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई सम्पूर्ण राशि को उक्त नियम प्रावधानानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अथवा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसे शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**8. व्यय**

**8.1 ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से रॉयल्टी न वसूलने के कारण सरकार को राशि ₹0.78 लाख के राजस्व की सम्भावित वित्तीय हानि एवं नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में लाखों रूपये के अनियमित भुगतान करना :-**

ANNUAL REPORT

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास "फार्म डब्ल्यू" या सप्लीमेंटरी पास "फार्म एक्स" उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी के साथ करना होगा। परन्तु निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD & PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.23 के अन्तर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/विक्रेताओं (Contractors/Vendors) से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा केवल वैध ट्रांजिट पास "W" या "X" जमा करवाने उपरान्त ही उन्हें भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि 04/2022 से 03/2024 हेतु चयनित माह 05/22 व 02/24 के व्यय वाउचरों के समर्थन में ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री जैसे पत्थर, रेत, बजरी इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को सलंग्न **(परिशिष्ट "घ")** अनुसार राशि **₹78063.15** का अनियमित भुगतान एवं

अंकेक्षणावधि के दौरान वैध ट्रांजिट पास प्राप्त करना सुनिश्चित किये बिना ही लाखों रूपये के अनियमित भुगतान किये गये प्रतीत होते हैं।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 244/2024 दिनांक 03/08/2024 के प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 71 दिनांक 06/08/2024 द्वारा सूचित किया गया कि" उक्त पत्र में वर्णित राशि **₹78063.15** रॉयल्टी की कटौती बिलों में से नहीं की गई है जिसे भविष्य में रॉयल्टी नियमानुसार काटा जाएगा अथवा ट्रांजिट पास फार्म लिया जाएगा तथा इसकी वसूली सम्बन्धित से करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगीं "| प्रस्तुत उत्तर नियमों एवं समय-2 पर जारी निर्देशों के प्रतिकूल होने के कारण मान्य नहीं है |

अत: अंकेक्षणावधि के दौरान नियमों एवं समय-2 पर जारी निर्देशों के प्रतिकूल किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को या तो नियमानुसार अपेक्षित समर्पित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस मामले को सम्बंधित विभाग से सम्पर्क कर / पत्राचार कर तदनुसार निपटाया जाये एवं तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अथवा अंकेक्षणावधि में कृत समस्त अनियमित भुगतानों के पूर्ण एवं विस्तृत विवरण सहित उन्हें सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये अन्यथा विभागीय स्तर पर विस्तृत जांच कर अंकेक्षणावधि में किये गये समस्त अनियमित भुगतानों की उचित स्रोत से वसूली कर कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 8.2 संविदाकार / आपूर्तिकर्ता के भुगतान बिलों से नियमानुसार स्त्रोत पर 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने के कारण ₹0.17 लाख का अधिक भुगतान करना :-

हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम, 2017 की धारा 51 तथा हि.प्र. आवकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78 EXN-TAX-Part(278/25)-29056 दिनांक 29/09/2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति / फर्म / संस्था / स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local authority / Govt. Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति, फर्म को सेवाएं तथा वस्तुएं प्रदान करने के बदले एक सिंगल कॉन्ट्रैक्ट के अन्तर्गत ₹250000/- से अधिक राशि के भुगतान पर 2% (1% सी.जी.एस.टी. +1% एस.जी.एस.टी.-अन्तर्राज्यीय आपूर्ति तथा 2% आई.जी.एस.टी.-अंतर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति / फर्म / संविदाकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है तथा उक्त कटौती की राशि को अगले माह 10 तारीख से पहले सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया जाना अपेक्षित है |

ANNUAL REPORT

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में आपूर्तिकर्ताओं को सामग्री की आपूर्ति **सलंग्न (परिशिष्ट "ङ")** अनुसार राशि **₹874802/-** (जी.एस.टी. को छोडकर) भुगतान किया गया था | लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा स्त्रोत पर राशि **₹17496/-** की 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. के रूप में कटौती नहीं की गई थी जोकि नियमानुसार अनुचित प्रक्रिया है |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 245/2024 दिनांक 03/08/2024 के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या 71 दिनांक 06/08/2024 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित आपूर्तिकर्ताओं से ₹**874802**/- की सामग्री की आपूर्ति करने पर नियमानुसार बनती ₹**17496**/- GST,TDS की कटौती बिलों में से नही की गई है, जिन्हें भविष्य में नियमानुसार काटा जाएगा तथा इसकी वसूली सम्बन्धित से करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगीं | प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः जी.एस.टी.(टी.डी.एस.). की कटौती न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए, अथवा इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशय की स्थिति में इस प्रकरण को सम्बन्धित विभाग से उठाते हुये तदानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत नियमानुसार देय अपेक्षित राशि की वसूली सम्बन्धित फर्मो/व्यक्तियों से करने उपरान्त सम्पूर्ण राशि सम्बन्धित विभाग में जमा करवाई जाए तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को भी अवगत करवाया जाए।

**9.1 मनरेगा शीर्ष के अंतर्गत ₹0.09 लाख का अधिक भुगतान करने बारे :-**

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थी हेतु निदेशक एवं आयुक्त मनरेगा ग्रामीण विकास विभाग के पत्र संख्या SMS-1/2021-22-RDD-Implementation-MGNREGA-5684-5808 दिनांक 25.05.2022 के प्रावधान अनुसार The amount of material component which is to be reimbursed in the account of individual beneficiaries shall be restricted to the maximum of 40% of the actual total cost of the work by applying the following formula :

**Actual unskilled labour cost × 2/3 = Material Cost की** अवहेलना करते हुए सलंग्न **(परिशिष्ट "च")** द्वारा राशि ₹9060.33/- का अधिक भुगतान किया गया।

| क्रम संख्या | निर्माण कार्य का नाम | सामग्री की लागत / व्यय योग्य राशि | ग्राम पंचायत द्वारा जारी सामग्री | सामग्री पर व्यय राशि (₹) | लाभार्थी को भुगतान योग्य राशि (₹) | लाभार्थी को अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/o water harvesting tank, land of Neena Devi, W/O Nand Lal, Bhalwani | मस्ट्रोल संख्या (7972,2030,2376,2377 ,2683,3666) (203+5005+15264+4876 +14400+13500) =53248 x 2/3 =35498 | Sand, aggri, cement | 39459.5 | 35498.66 | 3960.83 |
| 2 | c/o water harvesting tank, land of Umesh Sharma, Bhalwani | मस्ट्रोल संख्या (285,525,794,1121,1184) (3424+11120+12704+ 8288+212) =35748x 2/3 =23832 | Sand, aggri, cement | 28931.5 | 23832 | 5099.50 |
| | | | | | **Total** | **9060.33** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 249/2024 दिनांक 03/08/2024 की अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या 71 दिनांक 06/08/2024 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया कि "उक्त पत्र में वर्णित मनरेगा शीर्ष में materials **(Sand, aggrigate, cement)** के रूप में ₹9060.33/- की अधिक भुगतान की वसूली हेतु **रसीद संख्या (604859)** काट ली गई है और जिसके इन्द्राज व जमा आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा "।

अत: अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त निर्माण कार्यों की राशि ₹9060.33/- की वसूली एवं इन्द्राज व जमा की पुष्टि बारे शीघ्र-अतिशीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृति पर अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार आगामी उच्च तकनीकी अधिकारियों के नमूना जांच एवं सत्यापन सहित अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित करें।

**9.2 पत्थर की खरीद में रिक्तियां (voids) की कटौती न करने के कारण ₹0.12 लाख का अधिक एवं गलत भुगतान करने बारे :-**

ANNUAL REPORT

As per Himachal Pradesh public work department specifications rules 2.1.2.13 Coarse and fine aggregates supplied at site of works shall be paid for in cubic meters and actual volume of the aggregates to be paid for shall be computed after deducting the 12.5 percentage from the volume computed by stack measurements.

ग्राम पंचायत के अंकेक्षण अवधि 04/22 से 03/24 हेतु चयनित माह 05/22 व 02/2024 में व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा पत्थरों (stones) के खरीद हेतु

**निम्न विवरणानुसार** राशि **₹93480/-** का कुल भुगतान किया गया था, लेकिन आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करने से पूर्व रिक्तियां (Voides) की कटौती न करने के कारण राशि **₹11685/-** का अधिक एवं गलत भुगतान किया गया था।

ग्राम पंचायत द्वारा अधिक एवं गलत भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 248/2024 दिनांक 03.08.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत भलवानी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसकी अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र 71 दिनांक 06/08/2024 द्वारा स्पष्ट किया कि " उक्त पत्र में वर्णित पत्थर (stone) की खरीद पर **₹11685**/- रिक्तियों (voids) की कटौती नहीं की गई है, लेकिन इसके भुगतान की वसूली सम्बन्धित से करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत की दी जाएगी। प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

| क्रम संख्या | वाउचर/बिल संख्या | दिनांक | फार्म का नाम एवं पता | सामान का विवरण | मात्रा (cft) | मूल्य दर (cft) | मूल्य (₹) | कटौती दर % | रिक्तियां (Voids)(₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 05-May | Contractor supply VPO Kakrot, Bhoranj, Hamirpur | stone | 1470 | 24 | 35280 | 12.5 | 4410.00 |
| 2 | 223 | 39 02/22 | Contractor supply VPO Kakrot, Bhoranj, Hamirpur | stone | 70 | 24 | 1680 | 12.5 | 210.00 |
| 3 | 200 | 88 04/23 | Changra contractor & supplier, VPO Luddar Mahadev, Bhoranj, Hamirpur | stone | 800 | 36 | 28800 | 12.5 | 3600.00 |
| 4 | 263 | 58 04/23 | Changra contractor & supplier, VPO Luddar Mahadev, Bhoranj, Hamirpur | stone | 770 | 36 | 27720 | 12.5 | 3465.00 |
| **Total** | | | | | | | **93480** | **12.5** | **11685.00** |

अत: पत्थरों की खरीद में voids की 12.5% की कटौती न करने के कारण किये गये राशि **₹11685**/- के अधिक भुगतान का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त राशि की वसूली उचित स्रोत से करनी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

